# सिर्फ पॉलीथिन निकालने से नहीं होगी सफाई

**खास बातें**

- गटर-नालियों की जड़ से सफाई जरूरी
- क्षतिग्रस्त नालों, अतिक्रमण और जमा मलबे से बढ़ रही समस्या
- बारिश से पहले प्रभावी कार्रवाई की मांग



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 2 जून, वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नालों, गटरों एवं गहरी नालियों की सफाई कराई जा रही है. हालांकि नागरिकों का कहना है कि केवल गटर और नालियों के अंदर से प्लास्टिक, पॉलिथिन और कचरा निकालने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा.**

स्थानीय लोगों के अनुसार गटरों के ऊपर उगी घास-फूस और झाड़ियां हटाने के साथ-साथ उनमें वर्षों से जमा निर्माण सामग्री, मलबा तथा अन्य अवरोधों को भी बाहर निकालना आवश्यक है. कई स्थानों पर लोगों द्वारा मकानों और दुकानों के निर्माण से निकला मटेरियल गटरों में डाल दिया गया है, जिससे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है. वहीं कुछ स्थानों पर अतिक्रमणकारियों द्वारा पत्थर एवं अन्य सामग्री डालकर गटरों को संकरा कर दिया गया है.

## नागरिकों ने ठेकेदारों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

कुछ लोगों ने यह भी कहा कि विपक्षी पार्षदों को भी शहर में हो रहे कथित घटिया निर्माण कार्यों और जनसमस्याओं को लेकर अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए. नागरिकों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों को जनता से जुड़े मुद्दों पर खुलकर आवाज उठानी चाहिए.शहर में सार्वजनिक गलियों और नालों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर भी लोगों ने चिंता जताई है. उनका कहना है कि कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस तो जारी किए जाते हैं, लेकिन बाद में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती. इससे लोगों के बीच प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं.नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर ठोस एवं पारदर्शी कार्रवाई की जाए, ताकि शहरवासियों को मूलभूत सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सके.

नागरिकों का कहना है कि इन अवरोधों को ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से हटाकर बाहर ले जाना चाहिए. यदि केवल ऊपरी सफाई की गई तो बारिश के दौरान वही गंदगी दोबारा नालियों में पहुंच जाएगी और जल निकासी की समस्या बनी रहेगी.विशेष रूप से वार्ड क्रमांक-3 में पलोड ट्रांसपोर्ट के पीछे स्थित गटर की स्थिति अत्यंत खराब बताई जा रही है. लगभग 40 वर्ष पूर्व निर्मित यह गटर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि जगह-जगह हुए अतिक्रमण ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है, जिससे गंदा पानी रुकता है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है.बताया गया कि यह गटर नानाजी वाली गली से शुरू होकर मुस्कान टॉकीज तक जाता है. लंबे समय से इसके पुनर्निर्माण की मांग की जा रही है और कई बार इसके लिए फाइल भी बनाई जा चुकी है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है.नागरिकों ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि सफाई कार्य की नियमित निगरानी की जाए तथा इंजीनियरों, उपयंत्रियों और तकनीकी अधिकारियों की देखरेख में अभियान संचालित किया जाए, ताकि जल निकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके.स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर बाहर से स्वच्छ दिखाई देता है, लेकिन कई बस्तियों के भीतर आज भी गंदगी और जलभराव की समस्या बनी हुई है. उन्होंने सफाई कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि कर्मचारी पूरी मेहनत से काम कर रहे हैं, लेकिन वर्षों पुरानी और क्षतिग्रस्त नालियों के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं. ऐसे में स्थायी समाधान के लिए गटरों और नालियों के पुनर्निर्माण एवं व्यापक सुधार की आवश्यकता है.

## घटिया निर्माण, अतिक्रमण और जल निकासी व्यवस्था पर उठे सवाल

शहर में नालियों और गटरों की बदहाल स्थिति को लेकर नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर नालियों का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि पानी की निकासी सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है, जिसके कारण गंदा पानी जमा रहता है और बारिश के दौरान समस्या और गंभीर हो जाती है.स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की पर्याप्त निगरानी नहीं होती. उनका कहना है कि कई बार तकनीकी अधिकारी और इंजीनियर मौके पर दिखाई नहीं देते, जिससे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होते हैं. नागरिकों ने मांग की है कि निर्माण कार्यों की नियमित तकनीकी जांच कराई जाए और दोषपूर्ण कार्यों के लिए जिम्मेदारी तय की जाए.

# 6 घंटे में चोरी और नकबजनी का खुलासा

- तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी की मोटर, गेहूं,नगदी सहित डेढ़ लाख रुपये से अधिक का मशरूका बरामद



नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज 2 जून, पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना गुलाबगंज पुलिस ने चोरी एवं नकबजनी की दो वारदातों का महज 6 घंटे में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया माल एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल सहित लगभग 1.50 लाख रुपये से अधिक का मशरूका बरामद किया है. मामले का एक मुख्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है.**

पुलिस के अनुसार 1 जून 2026 को ग्राम करारिया निवासी गौरव रघुवंशी ने कुएं से मोटर और केबिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. चोरी गए सामान की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई गई थी. वहीं ऐरन निवासी सचिन अहिरवार ने घर का ताला तोड़कर गेहूं और नगदी चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसकी अनुमानित कीमत 17,500 रुपये थी.इन मामलों में थाना गुलाबगंज में अपराध क्रमांक 112/2026 एवं 114/2026 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई.पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटर एवं केबिल, पांच बोरी गेहूं, नगदी, रिंच, पाना, पेचकस, लोहे का कटर, आरी सहित अन्य सामान बरामद किया है. इसके अलावा घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-40-ज़ेडए-5411 एवं एमपी-40-ज़ेडडी-2609 भी जब्त की गई हैं. बरामद मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 1.50 लाख रुपये से अधिक बताई गई है.

## घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ा

थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह सोलंकी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने सूचना तंत्र सक्रिय कर आरोपियों की तलाश शुरू की. सर्चिंग के दौरान तीन संदिग्ध युवक मोटरसाइकिलों पर घूमते मिले, जिन्हें घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया. पूछताछ में उन्होंने चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली.गिरफ्तार आरोपियों में अमित रघुवंशी (22) निवासी बंटी नगर विदिशा, अमन रैक्वार (24) निवासी मोहनगिरी विदिशा तथा सोनू रैक्वार (19) निवासी बरईपुरा विदिशा शामिल हैं.पुलिस जांच में ऋतिक रैक्वार को घटना का मुख्य आरोपी बताया गया है, जो फिलहाल फरार है. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है.

## पहले से दर्ज हैं गंभीर अपराध

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं. इनके विरुद्ध थाना कोतवाली विदिशा, सिविल लाइन विदिशा एवं बैरसिया थाना क्षेत्र में चोरी, नकबजनी, हत्या के प्रयास तथा हत्या जैसे गंभीर अपराधों के मामले पहले से दर्ज हैं.कार्रवाई में थाना प्रभारी सुरेश सिंह सोलंकी, उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक विपिन जादौन, इंदर सिंह, आरक्षक आकाश मिश्रा, विक्रम रघुवंशी, संजय यादव, शिवेंद्र तोमर, राजेश रघुवंशी एवं डायल स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही.

## बहरा बाबा घाट पर लगा छप्पन भोग, हुआ सुंदरकांड पाठ

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** पुण्य सलिला वेत्रवती नदी तट स्थित सिद्ध स्थल श्री हनुमान मंदिर बहरा बाबा घाट पर ज्येष्ठ मास के पांचवें मंगलवार, 2 जून को विशेष धार्मिक आयोजन हुये. इस अवसर पर भगवान हनुमान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा तथा सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी होगा.मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित शिवरामदास ने बताया कि ज्येष्ठ माह एवं पुरुषोत्तम माह के विशेष संयोग के कारण इस वर्ष प्रत्येक मंगलवार को हनुमानजी के समक्ष अलग-अलग मनोरथों के अनुसार विशेष झांकियां सजाई जा रही हैं. पांचवें मंगलवार को श्रद्धालुओं के सहयोग से छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया जाएगा.





## अधिकमास में गोवर्धन परिक्रमा के दौरान बांके बिहारी बृज मंडली ने लगाया 9वां विशाल भंडारा

नवभारत न्यूज

**शमशाबाद. अधिकमास के पावन अवसर पर शमशाबाद की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था बांके बिहारी बृज मंडली द्वारा गोवर्धन परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए 9वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. इस पुण्य कार्य में मंडली के सदस्यों ने पूरे उत्साह, समर्पण और श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई.**

भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया. परिक्रमा मार्ग पर आने वाले भक्तों के लिए नाश्ता, शीतल जल एवं केरी पना की विशेष व्यवस्था की गई थी. मंडली के कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया तथा सभी व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया.उन्होंने बताया कि बांके बिहारी बृज मंडली द्वारा पिछले 9 वर्षों से निरंतर इस प्रकार के सेवा कार्य किए जा रहे हैं.कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों, भजनों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा.

# बैंकों से पर्याप्त नकद भुगतान नहीं मिलने पर व्यापारियों में नाराजगी

- अनाज व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बताई पीड़ा
- व्यापारियों ने कहा- व्यापारिक गतिविधियां हो रहीं प्रभावित



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, व्यापारियों को बैंको द्वारा पर्याप्त नकद निकासी उपलब्ध न कराये जाने पर थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के तत्वाधान में अनाज व्यापारियों ने अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा पर्याप्त नगद भुगतान नहीं मिलने से व्यापारी परेशान है.**

इस मौके पर उन्होंने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न बैंकों द्वारा व्यापारियों को उनके खाते में उपलब्ध राशि के बावजूद आवश्यकता अनुसार नगद निकासी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है. व्यापारिक गतिविधियों के संचालन हेतु किसानों, मजदूरों, परिवहन करता हूं एवं अन्य भुगतान नगद के रूप में करना पड़ते हैं. कई बैंकों द्वारा नगद भुगतान की सीमा निर्धारित कर दी गई है. अथवा पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है. जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं. थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि नगद भुगतान में आ रही कठिनाइयों के कारण व्यापार संचालन बाधित हो रहा है तथा व्यापारियों को आर्थिक एवं व्यावसायिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो मंडी एवं बाजार की सामान्य व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो सकती हैं. व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित बैंक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर व्यापारियों को उनके खातों में उपलब्ध राशि के अनुरूप पर्याप्त नगद निकासी उपलब्ध कराई जाए, ताकि व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सकें. इस मौके पर थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव, राजेश मित्तल, नारायण साहू, राजेंद्र जैन, राजेश जैन, प्रियंक जैन, प्रेमचंद जैन, मनीष जैन, लोकेश जैन, गगन तारण, संजय जैन, शिवकुमार साहू, देवेंद्र साहू जैन सहित बड़ी संख्या में अनाज व्यापारी मौजूद रहे.

# डीपी के तारों से करंट लगने पर युवक की मौत

- मुक्तिधाम के पास हुआ हादसा
- विद्युत मंडल और पुलिस ने शुरू की जांच




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 2 जून, पुराना श्रीरामलीला मेला ग्राउंड स्थित मुक्तिधाम के पास लगी विद्युत डीपी के तारों की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक किसी कारणवश डीपी के तारों के संपर्क में आ गया, जिससे उसे तेज करंट लग गया. गंभीर अवस्था में उसे तत्काल शासकीय जन चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.घटना की सूचना मिलते ही विद्युत मंडल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की. वहीं पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया तथा मामले को जांच में लिया है.फिलहाल युवक की मौत के कारणों और हादसे की परिस्थितियों की विस्तृत जांच की जा रही है. पुलिस और विद्युत विभाग की जांच रिपोर्ट के बाद ही घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

# सर्वसम्मति से त्रिलोक सेन बने सेन समाज के अध्यक्ष



नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर.** क्षेत्र के ग्राम मनोरा में सेन समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के संगठनात्मक विकास, सामाजिक एकता तथा धार्मिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे.बैठक के दौरान सर्वसम्मति से त्रिलोक सेन को सेन समाज का नया अध्यक्ष चुना गया. समाजजनों ने उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की.इसके साथ ही सोनू सेन को उपाध्यक्ष एवं नीलेश सेन को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई. नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने समाज के हित में सक्रिय रूप से कार्य करने तथा समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का संकल्प लिया.बैठक में ग्राम स्थित राम-जानकी मंदिर की मरम्मत एवं विकास कार्यों पर भी विशेष चर्चा की गई. मंदिर के आवश्यक सुधार कार्यों के लिए समाज के लोगों से सुझाव प्राप्त किए गए तथा सहयोग राशि भी एकत्रित की गई. उपस्थित सदस्यों ने मंदिर के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और धार्मिक गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा देने पर जोर दिया.समाज के वरिष्ठजनों ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता, पारस्परिक सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया. बैठक के अंत में सभी सदस्यों से समाज की एकजुटता बनाए रखने और राम-जानकी मंदिर के विकास में सहयोग करने की अपील की गई. कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक भोजन का आयोजन भी किया गया.

# समर स्पोर्ट्स कैंप के समापन पर बच्चों को खेल किट वितरित



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, ग्रामीण युवा केंद्र विकासखंड सिरोंज द्वारा सांदीपनि स्कूल में आयोजित समर स्पोर्ट्स कैंप 2026 का समापन हुआ. करीब एक माह तक चले इस खेल शिविर में बच्चों ने विभिन्न खेल गतिविधियों, योग, व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया.**

इस मौके पर आयोजित शिविर के समापन समारोह में सीएमओ रामप्रकाश साहू, पूर्व बीईओ उमेश सोनी, सांदीपनि शाला के प्राचार्य महेश ताम्रकार, कन्या शाला के प्राचार्य प्रमोद जैन, शिक्षक संजीव माथुर सहित कई अतिथि मौजूद रहे. कार्यक्रम में शान मियां, जमशेद, केशव शर्मा, काजल सोनी एवं अन्य खेल शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई. कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को खेलों के महत्व, अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, धैर्य और जीवन में सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा भी देते हैं.

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी बच्चों को खेल सामग्री, खेल किट एवं स्पोर्ट्स ड्रेस वितरित की गई. जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिला. बच्चों ने शिविर के दौरान सीखे गए अनुभवों को साझा किया और भविष्य में खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया. समर स्पोर्ट्स कैंप का यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, खेल संस्कृति के प्रसार और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ.

**श्रमदान** | **साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 के तहत 34वें चरण का नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न**

# पांच नए युवाओं ने की सहभागिता, नदी संरक्षण के संकल्प को मिली नई ऊर्जा





नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत रविवार को नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम का 34वां चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. प्रत्येक सप्ताह की तरह इस बार भी श्रमदान दल के सदस्यों ने नदी एवं घाटों की स्वच्छता के लिए श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.**

इन दिनों अधिक मास के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठान, स्नान एवं पूजन-अर्चन के लिए नदी घाटों पर पहुंच रहे हैं. श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही के कारण घाटों पर पूजन सामग्री, प्लास्टिक, कपड़े तथा अन्य प्रकार के कचरे की मात्रा में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई. ऐसी स्थिति में श्रमदान दल के सदस्यों ने घाटों एवं नदी तट पर फैली गंदगी को एकत्रित कर स्वच्छता अभियान चलाया.

इस अवसर पर अभियान को नई ऊर्जा तब मिली जब पांच नए युवाओं ने पहली बार श्रमदान कार्यक्रम में भागीदारी की. भविष्य तिवारी, सुमित जाट, अतिशय जैन, जीवन लोधी एवं प्रद्युम्न शर्मा ने श्रमदान कर यह संदेश दिया कि युवा शक्ति यदि पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आए तो किसी भी सकारात्मक परिवर्तन को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है.श्रमदान दल के सदस्यों ने कहा कि नदी केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और आस्था की अमूल्य धरोहर है. यदि हम अपने धार्मिक कर्तव्यों के साथ स्वच्छता के प्रति भी जागरूक रहें, तो नदियों को प्रदूषण से बचाया जा सकता है. श्रद्धा तभी सार्थक है जब उसके साथ प्रकृति और जल स्रोतों के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी जुड़ा हो.अभियान के दौरान उपस्थित सदस्यों ने नागरिकों से अपील की कि वे पूजन सामग्री, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट नदी में प्रवाहित न करें तथा घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें. उन्होंने कहा कि नदी को स्वच्छ रखना केवल प्रशासन या किसी एक संगठन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है.लगातार 34 सप्ताहों से जारी यह अभियान अब एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है. हर सप्ताह नए लोगों का जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि समाज में नदी संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है. यदि यही जनसहभागिता और संकल्प बना रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारी नदियां पुन: स्वच्छ, निर्मल और जीवनदायिनी स्वरूप में दिखाई देंगी.नदियां हमें जीवन देती हैं, अब समय है कि हम भी उनके जीवन के लिए आगे आएं. यह संदेश देते हुए अभियान का समापन किया गया.

## 8 जून को युवा संगम का आयोजन आईटीआई में

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 8 जून 2026 को शासकीय आईटीआई परिसर विदिशा में किया जा रहा है. जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों के लिये उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा शासन के अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋणउपलब्ध कराये जाने की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी.

# ठाकुर हरिसिंह दांगी का निधन



नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज. क्षेत्र के वरिष्ठ किसान नेता, पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता ठाकुर श्री हरिसिंह दांगी ( बरीघाट ) का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनके निधन को भाजपा एवं जनसंघ की विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ता एक युग के अंत के रूप में देख रहे हैं. उनका जाना न केवल भाजपा परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है.**

ठाकुर हरिसिंह दांगी उन चुनिंदा कार्यकर्ताओं में शामिल थे जिन्होंने उस दौर में जनसंघ की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया, जब क्षेत्र में इस विचारधारा को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त नहीं था. उन्होंने अपने साथियों के साथ गांव-गांव जाकर राष्ट्रवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार किया और संगठन को मजबूत आधार प्रदान किया.बताया जाता है कि उस समय वे स्वर्गीय नानकचंद खत्री, स्वर्गीय घनश्यामदास गुप्ता (झुंडेले), स्वर्गीय देवराज भाई, स्वर्गीय गंगाराम दांगी (हरजाखेड़ी), पूरनचंद सोनी एवं स्वर्गीय विष्णुकांत कटारे जैसे साथियों के साथ पैदल, बैलगाड़ी और घोड़ा गाड़ी से क्षेत्र का भ्रमण कर संगठन विस्तार में जुटे रहते थे. भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा.